गंगाधर मेहेर हाईस्कूल, दहिता पद्मपुर में संविधान दिवस एवं विज्ञान मेला

पदमपुर। स्थानीय गंगाधर मेहेर शासकीय हाईस्कूल, दहिता में संविधान दिवस और विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य श्रीरसिंघु सुना की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। अतिथियों में प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री युक्ता उपेंद्र पटेल, विज्ञान शिक्षक बलराम साहू, रति रंजन बरिहा, राहुल कुमार विश्वाल निर्णायक के रूप में शामिल थे। सबसे पहले अध्यक्ष ने संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और संविधान दिवस के महत्व के बारे में बताया। शिक्षिका सोनालिका शबर ने संविधान प्रस्ताव पढ़ा।

खुजेन प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

पद्मपुर। पद्मपुर प्रखंड के अंतर्गत खुजेन प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक माधव बरिहा की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को भारत का प्रत्येक नागरिक संविधान की रक्षा और सम्मान कैसे कर सकता है, इस विषय पर भाषण दिया। विद्यालय की सहायक अध्यापिका सावित्री धरुआ ने संविधान दिवस मनाने और हमारे कर्तव्यों के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। अंत में, सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने संविधान की रक्षा और सम्मान की शपथ ली।

जामला डिग्री कॉलेज जामला में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

पदमपुर। जामला डिग्री कॉलेज जामला में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का उत्सव मनाया गया। यह बैठक कॉलेज अध्यक्ष डॉ. स्वाति चंद्र पधान की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजित की गई। कॉलेज अध्यक्ष कालेखानेई पधान ने अपने भाषण में विश्वास दिलाया कि अगर हम महिला सशक्तिकरण और महिला शिक्षा के प्रचार-प्रसार के प्रति जागरूक रहेंगे, तो आने वाले समय में हमें सफलता अवश्य मिलेगी।

my city
न्यूज कैप्सूल

दो अधिकारियों को मिला आईएएस कैडर में प्रमोशन

भुवनेश्वर। ओडिशा के दो सरकारी अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) कैडर में पदोन्नत किया गया है। इस संबंध में आज भारत सरकार के कार्मिक, जन शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने आधिकारिक अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, ओड़िशा इंजीनियरिंग सेवा के सुंदरा माधबा पाधी और ओड़िशा वित्त सेवा की स्मिता पाणी को आईएएस कैडर में प्रोन्नत किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 8(2), भारतीय प्रशासनिक सेवा (चयन द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1997 के विनियम 8 तथा आईएएस (प्रोबेशन) नियम, 1954 के नियम 3 के अंतर्गत की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि "राष्ट्रपति को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि गैर-राज्य सिविल सेवा के दो सदस्यों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त किया जाता है। इन्हें वर्ष 2024 की चयन सूची के लिए निर्धारित रिक्तियों के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार से परामर्श कर चयनित किया गया है। दोनों अधिकारी अगली आदेश तक प्रोबेशन पर रहेंगे और आईएएस (कैडर) नियम, 1954 के नियम 5(1) के तहत ओड़िशा कैडर आवंटित किया गया है।

सुभद्रा योजना में फील्ड सत्यापन के बाद 17 लाख से ज्यादा नए लाभार्थी शामिल

नौ लाख से अधिक आवेदन किए गए खारिज, अब तक 97 लाख महिलाओं को तीनों किश्तों का लाभ

नवभारत ब्यूरो। भुवनेश्वर।

ओडिशा विधानसभा में शनिवार को उपमुख्यमंत्री व महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रभाती परिडा ने सुभद्रा योजना की ताजा स्थिति प्रस्तुत करते हुए बताया कि व्यापक फील्ड वेरिफिकेशन पूरा होने के बाद 17,83,251 महिलाओं को योजना में शामिल किया गया, जबकि 9,36,283 आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह पूरा वेरिफिकेशन अभियान घर-घर रिकॉर्ड जांच, दस्तावेज सत्यापन और डुप्लिकेट मामलों को हटाने के बाद पूरा किया गया।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 97,51,479 महिलाओं को योजना की तीनों किस्तों की आर्थिक सहायता मिल चुकी है। वहीं 1,03,89,801 लाभार्थियों को पहली किश्त और 1,01,92,724 लाभार्थियों को दूसरी किश्त जारी की जा चुकी है।

सरकार ने 1 नवंबर 2025 को सुभद्रा योजना के लिए नए आवेदन फिर से खोल दिए थे। अब वे महिलाएं जो अभी 21 वर्ष की हो रही हैं या जो पहले आवेदन नहीं कर सकी थीं, वे आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं। नई स्वीकृत लाभार्थियों को दो किस्तों की सहायता एक साथ 8 मार्च 2026 को प्रदान की जाएगी। ओडिशा सरकार ने राज्य में स्थित 4,000 से अधिक मंदिरों के लिए वित्तीय सहायता में वृद्धि की है। इसकी जानकारी कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने शनिवार को विधानसभा में दी। झारसुगुड़ा से भाजपा विधायक टंकधर त्रिपाठी के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि राज्य के 18,000 से अधिक हिंदू मंदिरों का प्रबंधन ओडिशा हिंदू धार्मिक एण्डाउमेंट आयोग के अधीन आता है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में सहायता के लिए आवेदन करने वाले 4,145 मंदिरों को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, कार्यक्रमों और आवश्यक खर्चों हेतु कुल 26.50 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

सुभद्रा योजना पोर्टल पर 13.08 करोड़ रुपये हुए खर्च : उप मुख्यमंत्री

ओडिशा सरकार ने सुभद्रा योजना पोर्टल के विकास, रखरखाव और क्लाउड होस्टिंग पर 13.08 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रभाति परिडा ने शनिवार को विधानसभा में दी। बीजद के पाटकुरा विधायक अरविंद महापात्र के प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए परिडा ने बताया कि यह राशि पोर्टल के तकनीकी विकास, सुरक्षा, नियमित रखरखाव और क्लाउड सेवाओं पर खर्च की गई है। सरकार द्वारा किए गए खर्च का विवरण इस प्रकार है। पोर्टल के रखरखाव, विकास और डेटा सुरक्षा पर 1,54,78,000 रुपये तथा सुभद्रा योजना पोर्टल की क्लाउड होस्टिंग पर 12,28,15,000 रुपये खर्च करेंगे।

अपात्र आवेदन वाले दोबारा आवेदन नहीं करें

उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पहले जिन महिलाओं के आवेदन वेरिफिकेशन में अपात्र पाए गए थे, उन्हें दोबारा आवेदन नहीं करना चाहिए। जबकि पहली बार आवेदन करने वालों की पात्रता फिर से जांची जाएगी और सत्यापन पूरा होने के बाद ही सहायता जारी की जाएगी। सुभद्रा योजना के ताजा आंकड़े बताते हैं कि राज्य सरकार लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ पात्रता की सख्त जांच कर रही है, ताकि योजना का लाभ सही और वास्तविक पात्र महिलाओं तक पहुंचे।

टीपीडब्ल्यू ओडीएल ने संबलपुर के बिजली नेटवर्क को मजबूत किया

शहरव्यापी व्यापक पहलों का उद्देश्य बिजली कटौती को कम करना

सुरक्षा में सुधार करना और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना है

नवभारत ब्यूरो। संबलपुर।

टीपी वेस्टर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने शहर के बिजली नेटवर्क को मजबूत करने और उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित एवं अधिक विश्वसनीय बिजली सुनिश्चित करने के लिए संबलपुर में कई बड़े सिस्टम सुधार कार्य शुरू किए हैं। तीव्र गति से की जा रही ये पहल, निर्बाध बिजली आपूर्ति और भविष्य के लिए तैयार वितरण प्रणाली के निर्माण के लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। निम्न-दाब (एलटी) सुरक्षा प्रणाली का उन्नयन प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक रहा है। ट्रांसफार्मर आउटगोइंग सर्किट पर एसीबी, एमसीसीबी

और एलटी वितरण बॉक्स जैसे उन्नत उपकरण लगाकर, टीपीडब्ल्यूओडीएल दोषों की त्वरित पहचान और पृथक्करण सुनिश्चित कर रहा है। इससे बिजली कटौती के दौरान प्रभावित क्षेत्र को कम करने, महत्वपूर्ण उपकरणों की सुरक्षा करने और बिजली संबंधी खतरों के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। परिणामस्वरूप, आवासीय और व्यावसायिक दोनों ही उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर और निरंतर बिजली आपूर्ति का अनुभव हो रहा है।

शहरव्यापी पोल सफाई और नेटवर्क पुनर्गठन अभियान

टीपीडब्ल्यूओडीएल ने समग्र प्रणाली स्वास्थ्य में सुधार के लिए शहरव्यापी पोल सफाई और नेटवर्क पुनर्गठन अभियान भी शुरू किया है। कई इलाकों में पोल साफ किए जा रहे हैं और एक अधिक व्यवस्थित और संरचित नेटवर्क बनाने के लिए एलटी वितरण बॉक्स लगाए जा रहे हैं। यह पहल ढीली या खुली तारों की संभावना को कम करती है, बेहतर लोड प्रबंधन में सहायक है और उपभोक्ताओं को सुरक्षित, मानकीकृत कनेक्शन बिंदु प्रदान करती है। इस प्रयास से संबलपुर में विद्युत नेटवर्क की उपस्थिति और विश्वसनीयता में स्पष्ट रूप से सुधार हुआ है।

तेज फॉल्ट रिस्पांस के लिए डीओ .फ्यूज की स्थापना

इसके अलावा, कंपनी नेटवर्क के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पुराने .फ्यूज सिस्टम को आधुनिक ड्रॉप-आउट (डीओ) .फ्यूज से बदल रही है। डीओ .फ्यूज की स्थापना से दोषपूर्ण खंडों को तेजी से अलग किया जा सकता है और दोषों के प्रभाव को छोटे क्षेत्रों तक सीमित रखा जा सकता है। यह न केवल ट्रांसफार्मर जैसी प्रमुख संपत्तियों की सुरक्षा करता है, बल्कि टीमों को बिजली जल्दी बहाल करने में भी मदद करता है, जिससे समग्र फीडर प्रदर्शन में सुधार होता है और बेहतर सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। ये सभी उन्नयन मिलकर संबलपुर के वितरण नेटवर्क को मजबूत करने की एक व्यापक योजना बनाते हैं। आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों, संगठित तुलनात्मक बुनियादी ढाँचे, बेहतर स्विचिंग व्यवस्था और मजबूत ट्रांसफार्मर सुरक्षा उपायों के साथ, शहर आपूर्ति विश्वसनीयता और उपभोक्ता सुविधा में उल्लेखनीय सुधार का अनुभव कर रहा है। टीपीडब्ल्यूओडीएल हर घर और व्यवसाय के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली बिजली सुनिश्चित करने के लिए उन्नत तकनीकों और सक्रिय फील्ड संचालन में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कांटाबांजी वैषयिक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

कांटाबांजी। कांटाबांजी वैषयिक महाविद्यालय में एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पीएम उषा एवं आईक्यूएसी के मार्गदर्शन में तथा एचडीएफसी बैंक, कांटाबांजी शाखा के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कमर्चारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए कुल 35 यूनिट रक्तदान किया। उद्घाटन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज पटनायक, +2 के प्राचार्य राजेश कुमार महान्ति, वरिष्ठ अध्यापिका सविता महापात्र तथा एचडीएफसी बैंक प्रबंधक शाश्वत सामंतराय उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मनोज पटनायक ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सर्वोच्च कार्य है। यह न केवल किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। नियमित रक्तदान से शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण बढ़ता है और व्यक्ति स्वयं को अधिक स्वस्थ महसूस करता है शिविर में एनसीसी, एनएसएस और यूथ रेड क्रॉस के स्वयंसेवियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए छात्रों के बीच रक्तदान से जुड़ी सचेतनता और जागरूकता संदेश फैलाए। कार्यक्रम सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

विधानसभा में पम्पु तालाब का मुद्दा उठा, पुनरुद्धार की उम्मीदें बढ़ीं

कांटाबांजी। शहर के पम्पु तालाब के पुनरुद्धार का मुद्दा आज ओडिशा विधानसभा में जोरदार तरीके से उठा। विधानसभा के शून्यकाल में कांटाबांजी विधायक लक्ष्मण बाग ने तालाब के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि कांटाबांजी शहर में लगभग 35 हजार लोग रहते हैं, लेकिन शहर में स्नान शौच जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए वर्षों से उपेक्षित पम्पु तालाब का पुनरुद्धार अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि वे एकाधिक बार इस मुद्दे को सदन के पटल पर रख चुके हैं पर अब तक इस पर कोई भी पदक्षेप नही लिया गया है।गौरतलब है कि ओडिशा विधानसभा की सदन निवेदन समिति भी हाल ही में बलांगीर जिले के दौरे पर पहुंची थी, जहां क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मण बाग के नेतृत्व में समिति ने पम्पु तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्य, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं दिखा है।

प्रेशर कुकर ब्लास्ट में घायल छात्र को बचाने पूर्व सांसद ने फांदी दीवार

आठ दिनों से कमरे में बंद छात्र को बाहर निकाला, हेडमास्टर और हॉस्टल इंचार्ज निलंबित

नवभारत रिपोर्टर। नवरंगपुर।

जिले के कोसागुमुड़ा ब्लॉक के कुकुडिसेम्पला गांव स्थित एक सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय के हॉस्टल में हुए प्रेशर कुकर विस्फोट में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला उजागर हुआ है। करीब एक सप्ताह पहले हुए इस हादसे में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि घायल छात्र को पूरे आठ दिनों तक अस्पताल नहीं ले जाया गया और उसे हॉस्टल के कमरे में ही बंद रख दिया गया। बताया जाता है कि पूर्व सांसद प्रदीप माझी ने शुक्रवार रात हस्तक्षेप कर छात्र को बचाया। उन्होंने बताया कि घटना को आठ दिन हो चुके थे, लेकिन बच्चे को अस्पताल नहीं ले जाया गया। वह कमरे में बंद था। हमें सूचना मिली तो हम दीवार फांदकर अंदर पहुंचे और बच्चे को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। उनकी इस कार्रवाई ने पूरे मामले को उजागर कर दिया और स्थानीय लोगों में प्रशासन की देरी को लेकर भारी नाराजगी फैल गई।

घटना सामने आने के बाद शनिवार को जिला प्रशासन हरकत में आया और स्कूल के हेडमास्टर कंगाली चरण तथा हॉस्टल इंचार्ज कपिल सारावू को निलंबित कर दिया। वहीं हॉस्टल के रसोइए दांबरू भतरा को लापरवाही के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन न करना और विस्फोट की सूचना उच्च अधिकारियों को न देना गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। निलंबित कमर्चारियों को जांच पूरी होने तक कोसागुमुड़ा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय से संबद्ध रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक घायल छात्र को पहले पास के एक क्लिनिक में दिखाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के बावजूद उसे बड़े अस्पताल नहीं भेजा गया। यह लापरवाही अब जांच के दायरे में है। जिला कल्याण अधिकारी रवीन्द्र पात्का ने स्वीकार किया कि स्कूल प्रशासन को तत्काल सूचना देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

जिला प्रशासन ने दिया औपचारिक जांच के आदेश

जिला प्रशासन ने प्रेशर कुकर विस्फोट की पूरी घटना पर औपचारिक जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच में विस्फोट के कारण, भोजनालय और हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था, रसोई उपकरणों की स्थिति और घायल छात्र को दिए गए उपचार सहित सभी पहलुओं की पड़ताल की जाएगी। छात्र की ताजा स्वास्थ्य रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी आवासीय विद्यालयों में सुरक्षा और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जगतसिंहपुर सांसद बिभू तरई हादसे में बाल-बाल बचे

भुवनेश्वर। शनिवार को मच्छगांव रोड स्थित हाजिपुर चौक के पास जगतसिंहपुर सांसद बिभू तरई के वाहन को पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना उस समय हुई जब सांसद का काफिला जगतसिंहपुर की ओर जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, तेज गति से आ रही कार ने सांसद के वाहन को पीछे से टक्कर मारी, जिससे गाड़ी में जोर का झटका लगा और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि, सांसद तरई सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। टक्कर के बाद आरोपित वाहन कथित रूप से मौके से फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे रोक लिया। हादसे के बाद रास्ते पर कुछ देर के लिए हलचल मच गई और लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही बिरिड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। टक्कर मारने वाली कार को जब्त कर बिरिड़ी थाने ले जाया गया।

भुवनेश्वर केवी-3 बमकांड : 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर के गड़कणा स्थित केन्द्रीय विद्यालय-3 (केवी-3) के बाहर हुए क्रूड बम विस्फोट के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी तक पहुंचने में नाकाम रही है। स्कूल के गेट नंबर-3 के पास हुए धमाके ने छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भारी दहशत फैला दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने बम फेंका और विस्फोट के तुरंत बाद फरार हो गए। मौके पर पहुंची मंचेश्वर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने बम के अवशेष एकत्र किए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला भेजा गया है। आसपास के क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। जांच में तेजी लाने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी शामिल हो गई है। एजेंसी इस बात की पड़ताल कर रही है कि क्या इस घटना के पीछे कोई बड़ा गिरोह, आपराधिक नेटवर्क या किसी को निशाना बनाने की कोशिश थी।

ओडिशा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मिला बड़ा प्रोत्साहन

आम बस कार्यक्रम को यूएमआई समिट में मिला विशेष सम्मान

ओडिशा अक्टूबर 2026 में अर्बन मोबिलिटी इंडिया समिट की मेजबानी करेगा

नवभारत ब्यूरो। भुवनेश्वर।

आधुनिक और समावेशी सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने के प्रयासों के बीच, कैपिटल रीजन अर्बन ट्रांसपोर्ट (सीआरयूटी) को 18वीं अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) समिट में स्पेशल मेंशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राज्य में तेजी से बदलते परिवहन ढांचे और नवाचारों को दर्शाता है। इस उपलब्धि को मीडिया के साथ साझा करते हुए आवास एवं शहरी विकास मंत्री कृष्ण चंद्र महापात्र ने घोषणा की कि ओड़िशा

आगामी 19वीं अर्बन मोबिलिटी इंडिया समिट की मेजबानी 2026 के अक्टूबर महीने के अंतिम सप्ताह में करेगा। मंत्री ने इसे राज्य के लिए एक बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि इससे ओड़िशा राष्ट्रीय स्तर पर शहरी परिवहन के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बनाएगा। महापात्र ने बताया कि राज्य में आम बस कार्यक्रम सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव ला रहा है। वर्तमान में ओड़िशा में 670 आम बसें संचालित हो रही हैं, जिनमें 220 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं, जो स्वच्छ और हरित परिवहन को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करती हैं। आने वाले दिनों में छह और शहरों में ई-बस सेवाएं शुरू की जाएंगी।उन्होंने जानकारी दी कि आम बसें फिलहाल 113 रूटों पर 1,399 किलोमीटर कवरेज के साथ हर दिन हजारों यात्रियों को सेवा दे रही हैं। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए बस रूटों का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा, ताकि अंतिम मील कनेक्टिविटी मजबूत हो सके और शहरी आवाजाही और अधिक सुगम बने। यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऑनलाइन टिकट बुकिंग पर 10% की छूट और महिला यात्रियों के लिए 15% की रियायत प्रदान की जा रही है। इन पहलों के कारण टिकट राजस्व में 35% की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो यात्रियों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। यूएमआई 2026 की मेजबानी का अवसर राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इलेक्ट्रिक बसों के बढ़ते उपयोग, यात्री-हितैषी सेवाओं और विस्तृत रूट नेटवर्क के साथ, ओड़िशा एक स्वच्छ, स्मार्ट और अधिक समावेशी शहरी परिवहन भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

नक्शा पाली में कुराल पूजा सम्पन्न

बागडिही। झारसुगुडा जिला किर्मिरा ब्लॉक के नक्शा पाली पंचायत में ब्लॉक स्तरीय कुराल पूजा का आयोजन किया गया। कुम्हार समाज द्वारा आयोजित पूजा में झारसुगुडा की पूर्व विधायक सुश्री दीपाली दास पूजा स्थान पर पहुचकर लक्ष्मीनारायण का दर्शन किया। कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुई कुराल पूजा में गणेश पाणीग्राही पुरोहित कार्य करने के साथ पलस्ती रणा धर्मपत्नी पुणिर्मा रणा के साथ पुजन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभापति पलस्ती रणा, उपसभापति बिजु रणा, रविन्द्र रणा, फकीर रणा, विकास रणा, डोलमणी रणा सहित सभी सदस्यों एवं सामाजिक बंधुओं ने सहयोग किया।

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (टेलीफोन): 0663-2542401 से 405 वेबसाइट http://www.mahanadicoal.in

सूचना

"सामग्रीयों की खरीद कार्यो एवं सेवाओं के लिए सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है या इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।" R-5276